

अमरावती : महानुभाव आश्रम के शतकपूर्ति महोत्सव में पधारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत प्रतिदिन अखबार का अवलोकन करते हुए.




अमरावती : महानुभाव आश्रम के शतकपूर्ति महोत्सव में मोहनदादा कारंजेकर ने पूर्व सांसद नवनीत राणा, राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल बोंडे, उत्तर प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री ब्रजेश सिंह, विधायक विकास चौधरी, भाजपा शहराध्यक्ष प्रवीण पोटे, पूर्व नगर सेवक प्रशांत वानखड़े, राजेंद्र तायड़े, सुभाष पावड़े का सम्मान किया.

# वृद्धा के हाथ-पैर बांधकर लूटे गहने

## पोहराबंदी गांव के समीप की घटना

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर** - अज्ञात दो लुटेरों ने रात को 80 वर्षीय वृद्धा के घर में घुसकर रस्सी से उसके हाथ, पैर व मुंह बांधकर नगद 30 हजार रुपए व सोने के गहने ऐसा कुल 64 हजार का माल लूट लिया. फ्रेजरपुरा पुलिस थाने की सीमा अंतर्गत पोहरा बंदी गांव के समीप यह घटना घटी. पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है.




जानकारी के अनुसार, 80 वर्षीय वृद्धा पोहरा बंदी में उसके छोटे भाई नामदेव राठोड के घर के समीप अकेली रहती है.उसे संजय गांधी निराधार योजना का अनुदान मिलता था. उसने वह पैसे जमा कर 30 हजार रुपए थैली में रखे थे. साथ ही चार ग्राम का सोने का मंगलसूत्र, एक ग्राम का लॉकेट व 20 तोले के चांदी के कंगन भी थैली में रखे थे. 21 दिसंबर की रात 8 बजे भोजन कर वह आराम कर रही थी. अचानक दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसे और उसका मुंह दबाकर दूसरे ने उसके हाथ,पैर रस्सी से बांध दिए.इस जबर्दस्ती में महिला घायल होकर उसके कान से खून बहने लगा फिर भी लुटेरों ने उसकी थैली छीनकर नगद 30 हजार व गहने ऐसा 64 हजार रुपए का माल छीनकर दोनों भाग निकले. वृद्धा के भाई नामदेव जब वहां पहुंचे तब वृद्धा बेहोश पड़ी थी. उन्होंने मुंह पर पानी छिड़क कर उसे होश में लाया, तब महिला ने आपबीती बताई. नामदेव राठोड की शिकायत पर दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है.

# क्रिसमस और नए वर्ष पर खूब कटेंगे केक

## बेकर्स भी है बनकर तैयार, पल्म केक और कप केक की मांग है सबसे ज्यादा



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर**- क्रिसमस और नए वर्ष की तैयारियां शुरू हो गई हैं. केक खाने के शौकीन लोगों ने अपनी पसंद के केक बुक कर दिया है, इस कारण बाजारों में केक की मांग बढ़ गई है. बड़ी बेकरियों के साथ होम केक बेकर्स ने भी इसके लिए खास तैयारी की है. होम बेकर्स ने बताया कि क्रिसमस और नए साल के आर्डर अभी से आ गए हैं. क्रिसमस पर पल्म केक, फ्रूट केक व कप केक की काफी मांग रहती है. इंस्टाग्राम पर क्रिसमस केक की रील आनी शुरू हो गई है.



ओम खेमचंदानी



प्रियेश पोपट




अमरावती की मशहूर बेकरियों में रघुवीर, मनभरी व केक एन बेक के संचालकों ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरावती में क्रिसमस व नए वर्ष में सबसे अधिक मांग पल्म केक व फ्रूट केक की होती है.

अमरावती के रघुवीर केक में क्रिसमस के दौरान सबसे अधिक यहां पल्म केक, आलमंड हनी केक, डेथ बी चॉकलेट, रोज गुलकंद, रेड वेलवेट , रसमलाई व ग्राहक अपनी पसंद का केक भी बनवा सकते हैं.

**पल्म केक** -यह फ्रूट और ड्राई फ्रूट से मिलाकर बना होता है व पल्म केक बनाने के लिए ड्राई फ्रूट्स को कई हफ्तों या महीनो तक स्प्रिट में भिगोया जाता है, इससे केक को गहरा और मजबूत स्वाद मिलता है.

**फ्रूट केक** -यह एक ब्रेड जैसा केक है, जिसे ड्राई फ्रूट्स, नोट्स और मसालों से बनाया जाता है, इसमें पारंपरिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, इसके लिए फलों को पहले भिगोया जाता है और भी बेक करने से पहले बैटर में मिलाया जाता है.

**चॉकलेट केक** -त्योहारों का मजा चॉकलेट में डूबे चॉकलेट केक और बच्चों की खुशी के बिना अधूरा है. क्रिसमस के हफ्ते भर पहले से सेलिब्रेशन शुरू हो जाता है. इन दिनों में सर्दियों की छुट्टियां भी हो जाती हैं. हर कोई अपने हिसाब से त्यौहार मनाता है. स्कूल, कॉलेज, रेस्टोरेंट, कैफे, बार, माल्स, कॉर्पोरेट आफिस, मार्केट्स में केक काटे जाते हैं. हर जगह उत्सव का माहौल रहता है व स्कूलों में क्रिसमस ट्री सजाए जाते हैं और सेंटा के बारे में भी जानकारी दी जाती है.

# साउर में भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह शुरू

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**टाकरखेड़ा शंभु, 22 दिसंबर** - संत गाड़गे महाराज पुण्यतिथि, डॉ. पंजाबराव देशमुख जयंती और स्व. बापूराव बोंडे पाटिल स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में नजदीकी साउर में 18 से 25 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन ग्रामगीताचार्य विवेक व्यास महाराज की वाणी में किया गया है. 18 दिसंबर को बाल ब्रम्हचारी संत उद्धव महाराज के आशीर्वाद से उत्सव की शुरुआत की गई.




## 25 को महाप्रसाद व समापन

दैनिक कार्यक्रमों में सुबह 6 से 7 बजे तक सामूहिक ध्यान व रामधुन, सुबह 9 से 12 और दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा, शाम 6 से 7 सामूहिक प्रार्थना, शाम 7 से 8 हरिपाठ, रात 9 से 11 हरिकीर्तन व भजनसंध्या आदि कार्यक्रम हो रहे हैं. 25 दिसंबर को महाप्रसाद का वितरण कर महोत्सव का समापन होगा. काला का कीर्तन के बाद दोपहर में आयोजित महाप्रसाद का लाभ लेने का आवाहन आयोजकों ने किया है.

# दादागिरी कर ले भागा अवैध रेती का ट्रैक्टर

## थिलोरी फाटे की घटना

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**दर्यापुर, 22 दिसंबर** - राजस्व विभाग के मंडल अधिकारी ने अवैध रेती ले जा रहे बिना नंबर के ट्रैक्टर को रोकने पर दो आरोपी दादागिरी करते हुए ट्रैक्टर ले भागे. मंडल अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है.



जानकारी अनुसार, तहसील के वडनेरगंगाई में विकास महाजन पवार (40, ओम कॉलोनी, अमरावती) मंडल अधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं. शनिवार को वह गश्त कर रहे थे. तब उन्हें रेती ले जा रहा बिना क्रमांक का ट्रैक्टर दिखाई देने पर उन्होंने थिलोरी फाटे पर उसे रोका. ट्रैक्टर की तलाशी लेने पर उसमें 5 हजार रुपए की रेती दिखाई दी. ट्रैक्टर में सवार दोनों व्यक्तियों से को रॉयल्टी के बारे में पूछने पर दोनों ने दादागिरी कर ट्रैक्टर शिंगणवाडी की ओर भगा ले गए. दर्यापुर पुलिस आगे की जांच कर रही है.





# रेत तस्करों को रंगेहाथ पकड़ा , 7 ट्रक जब्त

## राजस्व विभाग की कार्रवाई

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**मोर्शी, 22 दिसंबर** - मध्य प्रदेश से डंपर में क्षमता से ज्यादा रेती भरकर तस्करी करने वाले वाहन चालकों को रंगे हाथ पकड़कर 7 ट्रक जब्त किए गए. राजस्व विभाग के उड़न दस्ते ने यह कार्रवाई करते हुए दो वाहन स्थानीय उपविभागीय अधिकारी कार्यालय तथा पांच वाहन पुलिस थाने में जमा किए. मध्य प्रदेश से चोरी-छिपे लाखों के अवैध गौण खनिज का यातायात हो रहा है. जिलाधीश के आदेशों के अनुसार उस पर प्रतिबंध लगाने के लिए राजस्व दस्ते ने दापोरी के यावले पेट्रोल पंप तथा पेठे पेट्रोल पंप के समीप तस्करों को रंगे हाथ पकड़ा.

जानकारी अनुसार, राजस्व विभाग के उड़न दस्ते ने मोर्शी- वरुड़ रोड पर नजर रखकर यावले पेट्रोल पंप के पास तेज गति से दौड़ते हुए डंपर ट्रक क्रमांक एमएच-27/बीएक्स-9499, एमएच-27/बीएक्स-4344, एमएच-27/डीएल 6494, एमएच-27/बीएक्स-9446, एमएच-27/डीटी-7722 व एमएच-27/डीएफ-8555 ये 6 वाहन तथा मोर्शी-चांदूर बाजार रोड पर पेठे पेट्रोल पंप के समीप वहन क्र. एमएच-27/डीटी-1803 को कब्जे में लेकर पुलिस स्थाने में जमा किए. वाहन चालकों के पास रॉयल्टी न रहने से गौण खनिज की तस्करी कर ढुलाई के अपराध में यह कार्रवाई की गई.

# सड़क पर कर दिया घर का निर्माण

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**चांदूर बाजार, 22 दिसंबर** - तहसील के ग्राम सोनोरी में घरकुलों के निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर घोटाला किए जाने की अनेक शिकायत पंचायत समिति, तहसीलदार, जिप के सीईओ व जिलाधीश को प्राप्त हुई है. पंचायत समिति का निर्माण विभाग इसके लिए जिम्मेदार रहने का आरोप लगाया जा रहा है.

घरकुल का निर्माण कार्य यातायात के रास्ते पर किए जाने से आने-जाने का मार्ग बंद हुआ है. घरकुल का अतिक्रमण नियमित करने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत व पंस के निर्माण विभाग कार्यालय से गायब हो गया है. यह बात उजागर होने से मामला गंभीर बन गया है.

इसमें शक्ति प्रदात्त समिति की भूमिका और संभ्रम में डालने वाली है. मामले की शिकायत सोनोरी निवासी बाबाराव खडसे ने जिलाधीश व सीईओ से करने पर उन्होंने तहसीलदार व बीडिओ को जांच कर तत्काल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं.



## सोनोरी में अनेक शिकायतें प्राप्त होने से जांच के निर्देश

सोनोरी में 20 फिट के यातायात के रास्ते पर तीन घरकुल बनाने से चंद्रकला इंगले का आने-जाने का रास्ता बंद हुआ है. सोनोरी ग्रापं ने गलत प्रस्ताव भेजकर समिति को गुमराह किया और महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी गायब हो गया है, ऐसी जानकारी देने वाला पत्र भी खडसे ने शिकायत के साथ पेश किया है. दोषियों पर अपराध दर्ज कर निधि वसूलने की मांग की गई है.बाबाराव खडसे व अन्य एक ने सरपंच श्रद्धा बोराले व अन्य पांच के खिलाफ सीईओ से शिकायत की थी.

प्राथमिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, सोनोरी निवासी शेख जाकिर शेख रशिद का अतिक्रमण नियमानुकूल करने के प्रस्ताव की पड़ताल किए बिना गलत तरीके से अतिक्रमण नियमानुकूल किए जाने का उल्लेख है. रास्ते पर अतिक्रमण करने की रिपोर्ट एसडीओ, तहसीलदार, बीडीओ को पेश करने पर भी दो वर्षों से वह कलेक्टर के आदेश की प्रतीक्षा में पड़ा है. मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस बारे में जिलाधीश से मार्गदर्शन मांगा है. परिणाम स्वरूप गत दो वर्षों से 72 वर्षीय वृद्धा चंद्रकला इंगले का आने जाने का रास्ता बंद हुआ है. घरकुल का अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुला कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग बाबाराव खडसे ने की है.

# उप जिला अस्पताल में हृदय रोग जांच शिविर 25 को

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**आर्वी, 22 दिसंबर** - उपजिला अस्पताल, आर्वी, वर्धा में हृदयरोग जांच शिविर का आयोजन बुधवार, 25 दिसंबर को सुबह 10 से 4 बजे तक किया गया है. शिविर में हृदय की बीमारियों के सभी उपचार उचित दर में किए जाएंगे. ओपीडी, रक्तजांच, इको, ईसीजी, एंजियोप्लास्टी निःशुल्क होगी. रोटरी क्लब ऑफ कॉटन सिटी आर्वी, संत अच्युत महाराज हार्ट हॉस्पिटल अमरावती और उपजिला अस्पताल आर्वी द्वारा संयुक्त तौर पर यह शिविर आयोजित किया गया है. जिसका लाभ लेने का आह्वान किया गया है.

# वार्षिक खेल उत्सव का शानदार समापन

## हैपी किड्स इंटरनेशनल स्कूल का आयोजन

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर** - स्थानीय साई नगर स्थित हैपी किड्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. स्कूल के मैदान पर जोश व जश्व के साथ बच्चों ने एक से बढ़कर एक खेल प्रतियोगिताएं पेश कीं. कार्यक्रम की शुरुआत नीलेश कालबेंडे, शिल्पा काळबेंडे व क्रीड़ा शिक्षक आकाश राणे के आगमन से हुई.



छात्रों ने बैंड डिस्प्ले, मार्च पास्ट, बांबू ड्रिल, गुब्बारों के साथ शालेय कवायत, विविध खेल प्रकार, तायक्वांडो पंच ड्रिल, डंबल्स व लेझीम परफॉर्मेन्स जैसे खेल का प्रात्यक्षिक दिखाकर उपस्थितों को मंत्रमुग्ध कर दिया. अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की इस प्रकार की कलाकृतियों को देख उनकी बलाएं लीं और खुशी व्यक्त की.

छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए उपस्थित मान्यवर, अभिभावक व शिक्षकों ने तालियों से उनका अभिनंदन किया. कार्यक्रम के अंत में सभी खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया. स्कूल की मुख्याध्यापिका शिल्पा काळबेंडे ने समयोचित विचार व्यक्त कर छात्रों का मनोबल बढ़ाया. उन्होंने कहा कि, बच्चों के जीवन में खेल का विशेष महत्व होना चाहिए. लगभग सभी खेलों में बच्चों का सहभाग देखकर उन्होंने खुशी जाहिर की, साथ ही छात्रों की सराहना भी की.

# कड़ाके की ठंड के कारण ज्यादा खिलेंगे आम के बौर

## पिछले वर्ष की तुलना में कम रहेंगे भाव

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर**- राज्य के अन्य हिस्सों की तरह समूचे विदर्भ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. ठंड का मौसम आम के बौर के लिए बहुत अनुकूल माना जाता है. देर तक चला वषार्काल, वषार्काल समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक जमीन में स्थायी रूप से व्याप्त तरावट, कम ठंड तथा बदरीले मौसम, वर्षा के कारण इस वर्ष यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आम के पेड़ पर बौर दो-तीन चरणों में लगेंगे. कतिपय कृषि विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बार आम का रिकार्ड उत्पादन होगा और आम के भाव में भी कमी आएगी. आम आगामी मौसम में पिछले वर्ष तुलना में सस्ता रहेगा. इस कारण आगामी मौसम में आम सामान्य परिवार के सदस्यों का निवाला बनेगा.

अमरावती शहर में विगत सोमवार को न्यूनतम 8.5 अंश सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि अमरावती शहर का अधिकतम तापमान इस दिन 29 अंश सेल्सियस दर्ज किया गया. अमरावती के साथ-साथ विदर्भ के अंतर्गत सभी जिलों के तापमान में गिरावट आ रही है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 4-5 दिन तापमान में और कमी आने के आसार हैं. वर्तमान में अमरावती जिले में जिस तरह का मौसम है, वह आम की फसल की दृष्टि से बहुत अच्छा है. कुछ स्थानों पर आम के पेड़ पर बौर लगने भी शुरू हो गए हैं. आगामी 8 दिनों में 50 प्रतिशत से ज्यादा पेड़ों पर आम के बौर लग जाएंगे. बौर आने से पहले कीटनाशक का छिड़काव का काम पूरा करना भी जरूरी है.



ठंड कम होने के साथ ही साथ संतरा बाग में भी फसल लगने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. संतरे की फसल को ठंड से बचाने के लिए संतरों के बाग में हल्का पानी देना जरूरी है. बहुत ज्यादा पानी देने से पेड की स्थिति पर असर पड़ता है, ऐसी जानकारी श्री शिवाजी कृषि महाविद्यालय के कृषि तथा मौसम विज्ञान विशेषज्ञ प्रा. अनिल बंड ने दी है. बंड का कहना आम के बाग में बदरीले मौसम के कारण फसल प्रभावित होती है. आम की फसल में बौर तथा नवतीत निकालना शुरू होने का सिलसिला शुरू होता है. कृषि विशेषज्ञ का कहना है कि बौर अगर ताकतवर होता है तो पत्ते बारीक निकलते हैं. बौर अगर गिर गया तो पत्ते गल तक नीचे गिर जाते हैं. बाग में बौर आने के लिए ठंड की बहुत जरूरी होती है. लेकिन अगर तापमान सात डग्री से कम होता है तो उससे बौर के नष्ट होने की आशंका बनी रहती है.







